प्रेस विज्ञप्ति

31 मार्च, 2021

पीएफ़सी द्वारा भारत सरकार को वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए ₹1182.63 करोड़ का अंतरिम लाभांश प्रदत्त

श्री आर.के. सिंह, माननीय विद्युत एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री को ₹1182.63 करोड़ की बैंक ऐडवाइस प्रस्तुत करते हुए श्री रविन्द्र सिंह ढिल्लों, सीएमडी, पीएफ़सी

नई दिल्ली: पावर फाइनेंस कॉरपोरेशन, एक शेड्यूल्ड - नवरत्न सीपीएसई और विद्युत क्षेत्र के लिए भारत की अग्रणी एनबीएफसी ने वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए 31 मार्च, 2021 को भारत सरकार द्वारा धारित 1,47,82,91,778 इक्विटी शेयर (56%) पर भारत सरकार को ₹1182.63 करोड़ के अंतरिम लाभांश का भुगतान किया है।

श्री रविन्द्र सिंह ढिल्लों, सीएमडी, पीएफ़सी ने श्री आर.के. सिंह, माननीय विद्युत एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री को ₹1182.63 करोड़ की बैंक ऐडवाइस प्रस्तुत की। इस उपलक्ष्य में श्री आलोक कुमार, सचिव (विद्युत), श्री आशीष उपाध्याय, अवर सचिव (विद्युत) एवं एफ़ए, भारत सरकार, श्री पी.के.सिंह, निदेशक (वाणिज्यिक), पीएफ़सी एवं श्रीमती प्रमिन्द्र चोपड़ा, निदेशक (वित्त), पीएफ़सी भी उपस्थित थे।

पीएफसी के निदेशक मंडल ने 12 मार्च 2021 को हुई अपनी बैठक में वित्त वर्ष 2020-21 के लिए ₹8 प्रति इक्विटी शेयर की दर से ₹10 अंकित मूल्य के अंतरिम लाभांश की घोषणा की।

हस्ता/-
एस एस राव
वरिष्ठ महाप्रबंधक (पीआर)